आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- पहलगाम आतंकी हमले के दृष्टिगत प्रदेश की सीमाओं पर बढ़ाई गई सतर्कता।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–ड्रग माफिया को भागना होगा हिमाचल से।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश।
- प्रदेश में प्लास्टिक से बनी पानी की छोटी बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध।

सतर्कता

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में बीते रोज हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश की सीमाओं खासकर चंबा और कांगड़ा ज़िलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रदेश पुलिस के एक प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि इस हमले के दृष्टिगत सभी ज़िला पुलिस अधीक्षकों को अपने–अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने को कहा गया है ताकि कोई असामाजिक तत्व पर्यटन को बाधित न कर सके। प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी सीमावर्ती चौकियों को गश्त और तलाशी अभियान तेज करने, प्रवासी मज़दूरों और अनजान लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने, पर्यटक स्थलों, भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों और धार्मिक स्थलों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने को कहा गया है। सभी फील्ड इकाईयों को स्थानीय खुफिया सूचनाओं और खतरे पर तुरंत कार्रवाई करने को भी कहा गया है। पुलिस ने लोगों को अफवाहों से बचने की भी अपील की है। इस हमले के विरोध में आज प्रदेशभर में भाजपा और हिंदु संगठनों ने ज़िला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस आतंकी हमले की निंदा की है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस प्रकार पर घटनाएं किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती और आतंक फैलाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू में आयोजित आक्रोष रैली में भाग लेते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला मानवता पर कलंक है और किसी भी सूरत में माफी लायक नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और कहा है कि ये कायराना आतंकी हमला मानवता पर सीधा प्रहार है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकियों ने ये हमला कर जम्मू–कश्मीर की ही नहीं बल्कि पूरे देश की शांति व्यवस्था को चुनौती दी है, जिसका पूरा देश एकजुट होकर जवाब देगा। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना भी जताई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य के लिए किसी भी आतंकी को नहीं बख्शा जाना चाहिए।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में युवाओं को नशा परोस रहे ड्रग माफिया को यहां से भागना होगा और इसकी शुरूआत हो चुकी है। राज्यपाल आज चंबा ज़िला की मैहला पंचायत में नशा उन्मूलन को लेकर स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि एक ओर जहां

नशाखोरी के खिलाफ प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चल रहा है वहीं दूसरी ओर सरकार, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयं सेवी संस्थाएं भी इस कार्य में जोरशोर से जुटी हुई है।

राज्यपाल ने मैहला में डॉ. वाई.एस परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा आयोजित किसान मेले में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर राज्यपाल ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके जल्द अच्छे परिणाम आएंगे।

<u>महासम्मेलन</u>

आनंद मार्ग प्रचारक संघ 26 और 27 अप्रैल को शिमला में महासम्मेलन का आयोजन करेगा। इस महासम्मेलन में देश व विदेश से आनंद मार्ग के साधक व साधिकाएं हिस्सा लेंगी। सम्मेलन में आनंद मार्ग के देशभर में चल रहे सेवा कार्यों और धर्म प्रचार कार्यक्रमों की समीक्षा भी होगी।

<u>सुक्खू</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया है ताकि प्रदेश के लोगों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सके। मुख्यमंत्री आज शिमला में उनसे मिलने आए एच.ए.एस अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है और एच.ए.एस. अधिकारी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने और इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास योजनाओं में अनावश्यक देर की प्रथा को समाप्त कर विकास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए समय सीमा तय की जानी चाहिए। उन्होंने शासन में पारदर्शिता लाने के लिए आधुनिक तकनीक को अपनाने पर भी जोर दिया।

<u>प्रतिबंध</u>

प्रदेश सरकार ने प्लास्टिक से बनी पानी की 500 मिलीलीटर से कम क्षमता वाली बोतलों के प्रदेश में इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक डीसी राणा ने आज शिमला में कहा कि प्लास्टिक की छोटी बोतलों के इस्तेमाल पर ये प्रतिबंध सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, सरकारी व निजी होटलों, संस्थाओं, बैठकों, सम्मेलनों और अन्य कार्यक्रमों पर लागू होगा। उन्होंने कहा कि ये निर्णय छोटी बोतलों के कारण पर्यावरण को हो रहे भारी नुकसान के दृष्टिगत लिया गया है।

<u>अनिरूद्ध</u>

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे के निपटान के लिए वेस्ट वॉरियर्स सोसायटी के साथ आज शिमला में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने इस मौके पर कहा कि इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन में मदद मिलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि ये

साझेदारी प्रदेश में स्वच्छ और स्वस्थ गांवों के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसी संबंध में विभाग ने अंबुजा, अल्ट्राटैक और हीलिंग हिमाचल फाउंडेशन के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अनिरूद्ध सिंह ने बाद में विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार को 7 सौ 50 नई पंचायतें गठित करने के प्रस्ताव मिले हैं जिन पर नियम और शर्तों तथा बजट के अनुसार फैसला लिया जाएगा।

<u>जगत सिंह नेगी</u>

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने एचपी शिवा परियोजना के तहत सोलर फेंसिंग और फील्ड तैयार कर रही फर्मों द्वारा समय पर काम पूरा न करने पर कड़ी आपत्ति जताई है और अधिकारियों को ऐसी फर्मों पर नियमों के तहत जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं। जगत सिंह नेगी ने ये निर्देश आज शिमला में परियोजना की गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी को किसानों को प्लम और जापानी फल के उच्च्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय फरवरी 2026 तक किसानों को प्लम और जापानी फल के 40–40 हज़ार पौधे उपलब्ध करवाएगा। एशियन विकास बैंक और हिमाचल सरकार की एक हज़ार 2 सौ 92 करोड़ रूपये की ये परियोजना प्रदेश के 7 ज़िलों में चल रही है और इस पर अभी तक एक सौ 90 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं।

<u>टंडन</u>

भाजपा के प्रदेश मामलों के सहप्रभारी संजय टंडन ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने हमेशा विभाजनकारी नीतियों पर काम किया है। टंडन ने आज देव सदन कुल्लू में पार्टी द्वारा आयोजित डॉ0 भीमराव अम्बेदकर सम्मान अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण को बढ़ावा दिया और समान नागरिक संहिता जैसे उपायों का लगातार विरोध किया। ये दोनों ही कदम डॉ अम्बेदकर के समानता और एकता के दृष्टिकोण के विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां समाज को बांटने और तृष्टिकरण बढ़ावा देने वाली रही है।